amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist
राज
कॉमिक्स
संख्या 65
खूनी जंग
नागराज
इस कॉमिक के साथ नागराज का
पोस्टर मुफ्त
PRATAP MULICK

खूनी जंग

लेखक : राजा
कलानिर्देशक : प्रताप मुलीक
चित्रकार : मिलिंद मुलीक
कैलिग्राफी : विनय एम. कुमार
संपादक : मनीष गुप्ता

स्टेनगन्स के साए में वे नागराज को विमान के इमरजेंसी डोर के पास ले आए।
जल्दी यहां से बाहर कूद जाओ नागराज!
मैंने यहां कुछ किया तो गोली-बारी में कई निर्दोषों की जान जा सकती है। इससे अच्छा तो बाहर कूद जाता हूं।

और नागराज आगे बढ़ गया।
जय गुरू गोरखनाथ!
गुरू गोरखनाथ के बारे में जानने के लिए पढ़ें— नागराज की प्रथम कामिक्स 'नागराज'

उसने विमान से छलांग लगा दी—

अब नागराज आकाश की अनन्त गहराईयों में डूबता जा रहा था।
मुझे मानवता की भलाई के लिए जिन्दा रहना है... मगर कैसे?

नागराज ने ऐसी विकट परिस्थिति में भी अपने होश नहीं खोए थे।

एकाएक नागराज की कलाईयों से नागरस्सी निकली—
अरे, ये नागानंद और नागनाथ कहां चले?
नागानन्द और नागनाथ दोनों नाग नागराज के शरीर में वास करने वाले असंख्य नागों के प्रमुख हैं।

फिर हवा में ही नाग आपस में गुंथने लगे...

और देखते ही देखते नागरस्सी ने पैराशूट का रूप धारण कर लिया।
ओह नागानंद नागनाथ, तुमने नागराज की नहीं, मानवता की रक्षा की है।
पैराशूट नागराज को लिए इस समय फ्रांस की राजधानी पैरिस के ऊपर मंडरा रहा था।
एक गैम्बलिंग फाईट एरिना के बाहर एक फोटोग्राफर लड़की ने नागराज को एक अजीबोगरीब पैराशूट के सहारे उतरते देखा तो उसने नागराज की फोटो खींच ली —
GAMBLING FIGHT ARENA
CKET COUNTER
HOUSE-FULL
अरे! यह कैसा पैराशूट है?
क्लिक
गैम्बलिंग फाईट एरिना : अखाड़ा जिसमें जुआरी दो पहलवानों पर पैसा लगाते हैं।

नागराज उस सुन्दर लड़की के पास ही उतरा —
क्लिक

सभी नाग वापिस उसकी कलाई में समाने लगे।

नागराज के सामान्य होने पर —
हैलो नागराज! मेरा नाम टीना है। मैं वर्ल्ड टुडे की चीफ रिपोर्टर हूं।
हैलो...
टीना ने नागराज को उसके नाम से पुकारकर स्तब्ध कर दिया।

उनके चारों तरफ भीड़ लग गई थी।
मेरे ख्याल में इस भीड़ को देखते हुए हमें अंदर चलना चाहिए। वहीं सब बातें होंगी।
चलो!
टीना नागराज को लेकर अखाड़े की तरफ बढ़ने लगी।

प्रेस कार्ड दिखाकर वह नागराज को रिंग के बिल्कुल पास ले आई।
अभी यहां कैफी और क्रो में गेम्बलिंग फाईट होने वाली है। मैं उसी को कवर करने यहां आई हूं।
गेम्बलिंग फाईटर कैफी! इसी से मिलने तो मैं यूरोप आया हूं, लेकिन...

...तुमने मुझे पहचान कैसे लिया?
नागराज, हमारे न्यूयार्क संवाददाता ने विलियम और तुम्हारी जंग की पूरी जानकारी मुझे भेजी थी...

...जिसमें तुम्हारे फोटोग्राफ्स भी थे।
लेकिन नागराज तुम इस समय पैरिस में कहां से टपक पड़े?
टीना, मैं यूरोप से...
नागराज ने टीना को विमान में घटी सारी घटना सुना दी।

लगता है कैफी काफी लोकप्रिय है यहां।
हां, पैरिस में इससे बड़ा फाईटर कोई नहीं है।
कैफी... कैफी

कहो कैसे आना हुआ ?
मुझे न्यूयार्क के डॉन ने भेजा है। मैं डिसिल्वा के पहलवान सोलो से गेम्बलिंग फाईट करना चाहता हूं।

कैफी ने डॉन की चिट्ठी पढ़ी–
यह ठीक है नागराज, कि तुम्हें महान डॉन ने भेजा है, लेकिन सोलो का मुकाबला यूरोप और अमेरिका में तो क्या पूरे विश्व में नहीं है और फिर तुम्हारा नाम तो विख्यात पहलवानों में भी नहीं है। तुम पर पैसा कौन लगाएगा ... सॉरी नागराज।

कैफी, वैसे तो नागराज को किसी को अपनी योग्यता दिखाने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन तुम खुद एक पहलवान हो। आओ, दो-दो हाथ हो जायें।

मुझे मंजूर है। हाथ बढ़ाओ।

नागराज ने जैसे ही कैफी का हाथ पकड़ा ...

...कैफी ने उसे अपने ऊपर से उछाल दिया।

लेकिन नागराज बड़ी कुशलता से कलाबाजी खाकर जमीन पर खड़ा हो गया।

नागराज ने पलक झपकते ही पेंतरा बदलकर एक फ्लाईंग किक कैफी की कमर पर जड़ दी—
आह!
तड़ाक
क्लिक

कैफी दरवाजा तोड़ता हुआ बरामदे मे गिरा—
खऽड़ाऽक

कैफी उठकर अंदर आया।
वाह, मानना पड़ेगा। डॉन ने किसी गलत आदमी को नहीं भेजा!

उसने नागराज से हाथ मिलाया—
हां भई, पैरिस के शूरवीर कैफी को पछाड़ा है तुमने!
तो तुम सोलो से फाईट अरेंज कर रहे हो।

अगले दिन—
नागराज! मेरी बात डिसिल्वा से फोन पर हुई। वह शनिवार को मोण्टकार्लो से सोलो को लेकर यहां आएगा और फाईट रविवार को होगी।
ओ. के. कैफी! अब रविवार को मिलेंगे, एक "खूनी जंग" के लिए।

नागराज कैफी से विदा लेकर टीना से मिलने "वर्ल्ड टुडे" पहुंचा।
WORLD-TO DAY BUIL
शर्टी फ्रैंक्स मिस्टर नागराज!
हाए!
नागराज हैरान था कि टैक्सी ड्राईवर उसे कैसे जानता है!

टैक्सी का किराया चुकाकर वह अंदर पहुंचा —
मुझे चीफ रिपोर्टर मिस टीना से मिलना है।
ओह! आप नागराज हैं ना? मिस टीना नाइन्थ फ्लोर रूम नम्बर नाइन ओ फोर में बैठती हैं।

नागराज परेशान सा एक्सप्रेस लिफ्ट पर सवार हुआ।
नाइन्थ फ्लोर...
यस सर!

नौवें फ्लोर पर पहुंचकर लिफ्ट रुकी —
सर, कृपया आटोग्राफ दे दीजिए
क्या?

लिफ्ट से निकलकर वह रूम नम्बर 904 के सामने रुका।
क्या हो गया है आज! जो मिलता है वही पहचान लेता है!

नागराज ने दरवाजे को धकेला —
अजीब खामोशी है यहां!
MISS TINA

नागराज!
नागराज!

अंदर एक बड़े हंगामे ने नागराज का स्वागत किया।

हॉल में नागराज के स्वागतार्थ एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था।

और जान-पहचान के इस लम्बे दौर के बाद...

... नागराज प्रेस संवाददाताओं के सवालों का जवाब देने के लिए खड़ा हो गया।
नागराज, आप यूरोप कैसे पहुंचे?
नागराज, आप यूरोप किसलिए आए हो?
नागराज! कुलडाग, शांगो और विलियम के बाद अब तुम्हारा निशाना कौन है?
आपने एक साथ इतने सवाल पूछ लिए। मैं सबका जवाब बारी-बारी से देता हूं।

नागराज ने सर्वप्रथम उन्हें अपने पैरिस में आश्चर्यजनक ढंग से उतरने की घटना सुनाई।
मैं यहां मानवता और यूरोप वासियों की भलाई के लिए आया हूं...

D TODAY
क्या यूरोप में आपका कोई और भी लक्ष्य है?
...और मेरा पहला निशाना है आगामी इतवार को मोण्ट कार्लो का मशहूर पहलवान सोलो!

नहीं, यह मैं अभी नहीं बताऊंगा। मेरी कार्य-प्रणाली अत्यंत गुप्त होती है।
नागराज, हम सब आपकी असाधारण शक्ति का प्रदर्शन देखना चाहते हैं!

नागराज कुछ क्षण सोचकर बोला —
देखो भाईयो, नागराज की शक्ति कोई सार्वजनिक प्रदर्शन की चीज नहीं है। लेकिन मैं यूरोप के अपने बन्धुओं को निराश नहीं करूंगा। जो सम्मान और प्यार आप सबने दिया है, मैं उसका बहुत आभारी हूं।

नागराज की बात समाप्त होते ही हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजउठा –
तड़-तड़-तड़
तड़-तड़-तड़
नागराज ने ओवरकोट उतारकर अपने हाथ सीधे किए और ...

...उसकी कलाईयों से एक साथ कई नाग निकलकर...
सांय
सांय
...हॉल में बैठे लोगों की तरफ लपके...

...और देखते ही देखते सबके ताली बजाते हाथों से लिपट गये।
सांय

कुछ तो भय से चीख ही उठे –
बचाओ नागराज। सांप!
नहीं!
सांप!

कृपया इनसे डरिये मत। ये मेरे आदेश पर चलते हैं और केवल गलत लोगों को ही काटते हैं।

लीजिए, आप कहते हैं तो मैं इन्हें वापिस बुला लेता हूं।
कहने के साथ ही नागराज ने इशारा किया और सारे नाग वापिस उसकी कलाई में समाने लगे

सांपों के वापस जाने पर लोगों की जान में जान आई।
ओह, जान बची। मुझे तो सांप के नाम से ही डर लगता है।
मेरी तो जान ही निकल गई थी।
नागराज, कुछ और दिखाओ ना।

नागराज की कलाई से फिर नागरस्सी छूटी...
शूं...ऽऽ
...और छत पर लगे फानूस पर लिपट गई।

नागराज ने शरीर को झटका दिया और...

...हॉल में बैठे लोगों के ऊपर से गुजरता हुआ...
वाह!
वण्डरफुल!
आश्चर्यजनक!

...सामने की दीवार पर चिपक गया।

फिर उसने नागरस्सी वापस खींच ली...
छू मंतर

...और दीवार पर रेंगने लगा —

फिर छत से होता हुआ...

...वह वापस स्टेज पर उतर गया।
तड़-तड़-तड़
धप्प

नागराज, आप ये करतब कैसे करते हो?
यह मेरे लिए कोई करतब नहीं वास्तविकता है। जिस प्रकार आप जमीन पर चलते हैं, उसी प्रकार मैं दीवारों पर या छत पर रेंगता हूं।
फिर वह कान्फ्रेंस समाप्त हो गई।

सबके जाने के बाद नागराज टीना से बोला—
टीना, मुझे एक बात नहीं समझ आती... आज पैरिस में जिससे भी मिला, वह मुझे पहले से ही जानता था और अब यह प्रेस कांफ्रेंस।

इसका जवाब तुम्हें आज का अखबार देगा।
WORLD TODAY
HEROIC ENTRANCE OF A SUPER POWER IN EUROPE NAGRAJ

अखबार पढ़कर नागराज को समझते देर न लगी कि क्यों लोग उसे पहचान रहे थे।
और तुम्हारा मुझसे यहां मिलने का वायदा था ही। इसलिए मैंने प्रेस कांफ्रेंस बुला ली।
ओह, अब सब समझ में आ गया।

ओह नागराज! तुम नहीं जानते, पैरिस में तुम्हारा कितना क्रेज है। इस न्यूज को पढ़ने के बाद हमारे ऑफिस में सुबह से हजारों फोन आ चुके हैं। और कल के अखबारों को देखना, तहलका ही मचा देंगे।

टीना, परसों की फाईट में तुम जरूर आना।
ओह नागराज, तुमने यह कहकर मुझे बहुत खुशी दी है।

कुछ देर बाद—
चलो नागराज, अब घर चलें।
चलो।

रविवार की शाम बहुत गरम थी, मौसम के कारण नहीं, नागराज और सोलो के बीच होने जा रही खूनी जंग के कारण । आज होने वाली फाईट के टिकट सुबह काउंटर खुलते ही हाथों-हाथ बिक गए थे। एरिना लोगों से ठसाठस भर चुका था । जहां अधिकांश भीड़ अपने हीरो सोलो के इंतजार में नारे लगा रही थी, वहीं यदाकदा नागराज का नाम भी दो-चार लोगों की जुबान पर था ।

सोलो रिंग में प्रविष्ट हुआ। दोनों ने अपनेओवरकोट उतार दिए।

पहले राउण्ड का घण्टा बजते ही नागराज और सोलो एक दूसरे के सामने डट गए।
इसे तो दो मिनट में धूल चटा दूंगा।
पता नहीं, किस स्टाईल से लड़ता है यह!

कुछ क्षण नागराज को आंककर सोलो भयानक गति से आगे बढ़ा।
डकार
एक टक्कर ही काफी होगी।
!

इससे पहले कि सोलो नागराज से टकराता, नागराज फुर्ती से एक तरफ हट गया।
सांय

वार खाली जाता देख, सोलो संभलकर खड़ा हो गया।
ओह, फुर्ती है इसमें दांव-पेच से काम लेना चाहिए।

सोलो ने एक भयानक छलांग भरी—
की SSS

और अब नागराज नहीं बच पाया।
तड़ाक
सोलो के मजबूत पैरों की टक्कर उसकी छाती पर लगी...

...फलस्वरूप वह दूर जाकर गिरा।
सोलो ने उसे संभलने का कोई मौका नहीं दिया...

...उसने झपटकर उसे उठाया...
...और सिर से ऊपर उठाकर...

...उछाल दिया।

नागराज रैफरी से टकराया और उसे लेता हुआ जमीन पर गिरा—

धड़ाम
आह

सारा माहौल सोलो-सोलो के नारों से गूंज उठा।
सोलो
सोलो

रिंग के बाहर खड़ा कैफी नागराज को पिटता देख परेशान था।
इस तरह पिटता रहा तो यह मुझे मरवा देगा! हाय, मेरा दस लाख रुपया!
इस बीच नागराज खड़ा हो चुका था।

सोलो एक बार फिर उछला।

और नागराज को एकबार फिर सोलो की शक्तिशाली किक का सामना करना पड़ा।
दर्शकों ने फिर तालियां बजाकर सोलो की सफलता का स्वागत किया।

प्रलयंकारी किक के तूफान से उबरते नागराज को सोलो ने बालों से पकड़कर उठाया और ...
... ताबड़-तोड़ घूंसे बरसाने लगा।

टन्न
बेदम नागराज की फरियाद समय के साथ सुनी गई।
STOP!
घण्टे की आवाज के साथ पहला राउण्ड समाप्त हुआ।

कैफी झपटकर नागराज के पास पहुंचा।
मरवा दिया तूने मुझे। लगा गया मुझे चूना दस लाख का। अगला राउण्ड तू नहीं जीत सकता। वह चाकूबाजी में माहिर है।
कैफी की बकवास नागराज चुपचाप सुनता रहा।

तभी टीना भी उसके पास पहुंची।
नागराज, तुम अपनी शक्ति का प्रदर्शन क्यों नहीं करते। इसको अपने नागों से डसवा दो।
टीना, नागराज कभी अनैतिक लड़ाई नहीं लड़ता।

कुछ ही क्षणोपरान्त, दूसरे राउण्ड की शुरूआत का घण्टा बजा। नागराज और सोलो एक-दूसरे के सामने आ खड़े हुए।
यह लड़ाई तुम्हें इन चाकुओं से लड़नी है।
नागराज, कभी हथियारों से नहीं लड़ता। इन्हें अपने पास ही रखो।

रैफरी के इशारा करते ही सोलो ने पैर हवा में घुमाया...

...लेकिन नागराज ने उसका यह वार अपने हाथ पर रोका...

...और एक सीधी किक उसके पेट में जड़ दी।
आह
सोलो दर्द से दोहरा हो गया।

अगले ही क्षण नागराज की लात दुबारा घूमी।
फलस्वरूप सोलो पलटकर जमीन पर गिरा।

नागराज उसकी छाती पर सवार हो गया...
...और सोलो के मुंह पर बेतहाशा घूंसे बरसाने लगा।

नागराज के खेमे में हलचल मची-
बेवकूफ ने चाकू भी तो छोड़ दिया वरना अभी खेल खत्म हो जाता। आज किस्मत ही खराब है।
नागराज
नागराज, नागराज!

इसी बीच सोलो ने अपनी टांग पीछे से निकालकर नागराज की छाती पर टिका दी।
और नागराज को पीछे धकेल दिया।

दोनों फुर्ती के साथ खड़े हुए।
पहल की सोलो ने...

..उसने चाकू नागराज के पेट में घोंप दिया।
जैसे वक्त ठहर गया। दर्शकों में सन्नाटा छा गया।

लेकिन जब चाकू बाहर आया- सब भौंचक्के रह गए। न तो वहां घाव था और न ही खून।
हाए?
ओह, इसका चाकू तो जहर से बुझा है। यह तो धोखेबाजी है।
और धोखेबाजों को सबक सिखाना...

...नागराज को खूब आता है।
नागराज ने अपना दूसरा हाथ प्रचण्ड वेग से घुमाया...

.. तो सोलो के पांव तक जमीन से उखड़ गए।
और दो दांत भी पेट में पहुंच गए।

नागराज ने हैरान और आहत सोलो को बाल पकड़कर उठाया...
आह
...और एक ही घूंसे में...

...उसे रिंग की फेन्सिंग पर पलट दिया।
नागराज !
नागराज !

नागराज ने उसके दोनों पांव पकड़कर उसे अंदर खींचा और...

...उसके शरीर को तेजी से चारों तरफ घुमाने लगा।

फिर उसके शरीर को दर्शकों की तरफ उछाल दिया।

सोलो बहुत से दर्शकों को अपने साथ ले डूबा।
आऽऽ आह..

विजयी नागराज को लोगों ने कंधों पर उठा लिया...

बाद में डिसिल्वा नागराज से मिलने पहुंचा –

बहुत अच्छी तरह। यूरोप का सबसे बड़ा गैंगस्टर है वो। पूरे मोण्ट-कार्लो पर राज करता है और भी बहुत कुछ...
नहीं, मैं तुम्हें उससे नहीं मिलवा सकता-क्योंकि मैं अभी मरना नहीं चाहता। तुम्हें उसकी असली ताकत का अंदाजा नहीं है नागराज!

तो ठीक है, मोण्ट-कार्लो में अब तुम्हारा नहीं, कैफी का धंधा चलेगा...

...और इसके साथ ही सारी दुनिया को यह भी मालूम हो जाएगा कि तुम्हारे पहलवान जहरीले चाकू इस्तेमाल करते हैं।
क्या? तुम्हें कैसे मालूम?

नागराज पर वैसे घटिया जहर असर नहीं करते डिसिल्वा!

बहुत देर सोचने के बाद डिसिल्वा बोला—
ठीक है नागराज! मैं तुम्हें उसके अड्डे तक पहुंचाऊंगा-लेकिन मैं खुद सामने नहीं आऊंगा।
ठीक है।

रात को नागराज जब टीना से मिला—
टीना! मैं कल सुबह ही डिसिल्वा के साथ मोण्ट-कार्लो जा रहा हूं।
वहां रहोगे कहां?

होटल लाबेला में बुकिंग हुई है रूम नम्बर 313.

अपना ख्याल रखना नागराज!

अगले दिन नागराज ने टीना से विदा ली-

बाय नागराज!

बाय टीना!

TAXI

और डिसिल्वा के साथ मोण्टकार्लो के लिए विमान पर सवार हो गया।

लीजिए सर! आपके लिए दूध!

धन्यवाद!

RAJ COMICS

शीघ्र ही विमान मोण्टकार्लो के एयरपोर्ट पर उतरा।

नागराज और डिसिल्वा होटल जाने के लिए एक टैक्सी पर सवार हो गए —

अभी डिसिल्वा ने अपने शब्द पूरे भी नहीं किये थे कि आगे वाला काफिला एक भयानक विस्फोट में उड़ गया।

नागराज ! यह बम विस्फोट बारूदी सुरंग का था और निश्चित ही सीमेन का कराया हुआ था।
ड्राईवर ने टैक्सी रोकी...

...और मोड़कर दूसरी सड़क पर डाल दी –
हां, मुझे पता लगा है कि वह बारूदी सुरंगों का विशेषज्ञ है। और आतंकवादियों को इसकी ट्रेनिंग देता है।

कुछ ही देर बाद टैक्सी होटल लाबेला के बाहर रुकी।
HOTEL LABELA
तुम तो उसके बारे में बहुत-कुछ जानते हो।
हां।

नागराज, तुम अंदर चलो। मैं तुमसे कल मिलूंगा।
ठीक है।
नागराज से विदा लेकर डिसिल्वा एक ओर बढ़ गया।

मोण्ट-कार्लो की भीड़ भरी सड़कों को रौंदता हुआ, मोण्ट-कार्लो का तूफान हण्टर अपनी छः सिलेंडर मोटर साईकिल पर उड़ा चला जा रहा था।

बचो, हण्टर आ रहा है!

GO SLOW

भागो, हण्टर आ गया!

आह!

हण्टर मोटर साईकिल से उतरकर...
HUNTER
HUNTER
...कार के पास पहुंचा।

उसने कार को ड्राईवर समेत उठाया...
बचाओ.. बचाओ...

...और पुल से नीचे उछाल दिया।

दूसरी कार भी उसी प्रकार नदी में समा गई।
मच्छर हण्टर के रास्ते में कहां से आ जाते हैं।

तत्पश्चात हण्टर ने मोटर साइकिल उठाई...

...और सवार होकर आगे उड़ चला।

इधर होटल लाबेला में नागराज कॉफी शॉप में बैठा दूध पी रहा था ।

तभी बुरे वक्त ने होटल को आ घेरा-
और...

...हण्टर होटल के शीशे तोड़ता हुआ अंदर घुस गया।
HUNTER.. HUNTER..
तड़ाक

बता नागराज कहां है?
नागराज नहीं!

हण्टर ने रिसेप्शनिस्ट को उठाया...
ओह!

...और कॉफी शॉप के शीशे के दरवाजे पर दे मारा।
छनाक

और तेजी से अंदर आ गया।
नागराज ! तेरी मौत आ गई है। खड़ा हो जा !

किसी को खड़ा न होते देख हण्टर क्रोधवश चिंघाड़ा—
मैं पूछता हूं कौन है नागराज? जल्दी सामने आ जाए वरना सबको मौत के घाट उतार दूंगा !

सबको चुप देख वह आगे बढ़ा—
बोल बे, क्या तू है नागराज ?
नहीं ई ऽऽ

क्यों बे, तुम में से कोई...
फड़ाक
आह!
और दोनों ही स्वर्ग सिधार गए।

इससे पहले कि हण्टर चौथे व्यक्ति की ओर हाथ बढ़ाता—
ठहरो!
!
एक नाग उसके हाथ पर लिपट गया।

वह नागराज की तरफ घूमा—
जिसकी तुम्हें तलाश है, वह मैं हूं!
नागराज!
इस बीच नाग हण्टर को छोड़कर नागराज की कलाई में पहुंच चुका था।

इसके साथ ही नागराज ने छलांग लगाई–
लेकिन हण्टर अपने स्थान से टस से मस न हुआ।

अगले ही पल नागराज ने सम्भलकर हण्टर पर अपने ताकतवर घूंसे बरसाने शुरू कर दिए...
हांय, इस पर तो कोई असर नहीं हो रहा।
हा हा हा!
...किन्तु नागराज के प्रहारों का उसके फौलादी बख्तरबन्द पर कोई असर न पड़ा।

आह! मेरा हाथ!

तभी हण्टर का हाथ घूमा...
आह!
...और नागराज के पैर धरती से उखड़ गये!

वह एक और शीशा तोड़ता हुआ...
छन्नाक
...रिसेप्शन काउण्टर के पास गिरा।

हण्टर ने एक बड़ी टेबल उठाई–

लेकिन इससे पहले कि वह उससे नागराज को कोई चोट पहुंचाता...

...नागरस्सी ने टेबल समेत हण्टर को जकड़ लिया–

- क्या नागराज हण्टर से डरकर भाग गया ?
- सीमैन कौन था ?
- क्या नागराज और सीमैन का टकराव हो सका ?
- नागराज को हवाई जहाज से मौत के मुंह में गिराने वाला कौन था ?

नागराज एवं उसके नागों के हर पृष्ठ पर मनोरंजन करने वाले कारनामों के लिए पढ़ें—

"प्रलयंकारी नागराज"